आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल के अग्निकांड प्रभावित तान्दी गांव का दौरा करेंगे। इस दौरान वे प्रभावितों से मिलेंगे व राहत कार्यों की समीक्षा करेंगें। नववर्ष के पहले ही दिन तांदी गांव में भयंकर अग्निकांड हुआ था जिसमें 17 के लगभग रिहायशी मकान जलकर राख हो गए थे और करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुक्सान हुआ था। काफी संख्या में लोग इस अग्निकांड में प्रभावित हुए थे।

.........................................................

प्रयागराज

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। 144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। कल करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं। श्रद्धालू के लिए सुचारू और आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है

.........................................................

एचआरटीसी

राजधानी शिमला के पुराने बस अडडे की सुरंग में अब हिमाचल पथ परिवहन निगम का इतिहास यहां से गुजरने वाले लोगों व पर्यटकों को देखने को मिलेगा। इस सुरंग के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। इस कार्य को शिमला के हिम चटर्जी ने डिजाइन किया है जबकि सौंदर्यीकरण के कार्य को ऊना के सुनील कुमार सूरी ने पूर्ण किया है। खास बात यह है कि सुरंग में सबसे पुरानी बस से लेकर निगम की इलैक्ट्रिक बस की पेंटिंग देखने को मिलेगी। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि सुरंग में एक तरफ बसों के मॉडल दिखाए गए हैं जबकि दूसरी तरफ यात्रियों की उम्मीदों को दर्शाया गया है।

.........................................................

लोहड़ी

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू और चंडीगढ़ में मनाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में

लोहड़ी का पर्व सर्दियों की लंबी रातों के खत्म होने और गर्मियों के लंबे दिनों का स्वागत करती है, क्योंकि सूर्य आज से उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी यात्रा शुरू करता है। लोहड़ी से जुड़ी सबसे प्रचलित परंपरा अलाव जलाने की रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार ज्यादातर फसलों की कटाई और खुशी से जुड़ा हुआ है। लोहड़ी पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने भी लोहड़ी पर्व की बधाई दी है।

..........................................................

बाली

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी का सुधार हुआ है और आने वाले समय में इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे। नगरोटा बगवां में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है जिसमे जिले में पर्यटन गतिविधियों को नए पंख लगेंगे।

..........................................................

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। हालांकि पिछले दिनों प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा से तापमान में गिरावट के चलते लोगों को कड़ाके की ठंड से जूझना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

..........................................................